# भारत का फार्मा निर्यात 7 .38 प्रतिशत बढ़ा

## अप्रैल-मई में निर्यात 4 .9 अरब डॉलर पहुंचा

**ड्रग फॉरमुलेशंस और जैविक उत्पादों का दबदबा**

**सीडीएमओ और एफडीआई को मिलेगा बढ़ावा**



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. फार्मास्यूटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया ( फार्मेक्सिल ) के ताजा अपडेट के अनुसार, भारत का फार्मास्यूटिकल्स निर्यात वित्त वर्ष 26 की अप्रैल-मई अवधि में सालाना आधार पर 7.38 प्रतिशत बढ़कर 4.9 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है.**

फार्मेक्सिल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत एक अधिकृत एक्सपोर्ट प्रमोशन एजेंसी है.देश के फार्मा सेक्टर का बढ़ता हुआ निर्यात दिखाता है कि इंडस्ट्री के उत्पादों की वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ रही है. फार्मेक्सिल ने कहा कि यह वृद्धि स्थायी विनिर्माण, वैश्विक बाजार में उपस्थिति में विस्तार और डिजिटल इनोवेशनों पर केंद्रित रणनीतिक पहलों के कारण आई है और साथ ही बताया कि ये प्रयास भारत के फार्मा उद्योग के लिए एक ट्रिलियन डॉलर के व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को मजबूत कर सकते हैं.

> **भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते से इंडस्ट्री को काफी फायदा होगा**
> जोशी के अनुसार, भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से इंडस्ट्री को काफी फायदा होगा. इससे आपूर्ति श्रृंखलाओं में वृद्धि होगी और सस्ती दवाओं तक पहुंच में सुधार होगा. यह विशेष रूप से अनुबंध विकास और विनिर्माण (सीडीएमओ) और संयुक्त अनुसंधान में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी आकर्षित करेगा.

फार्मेक्सिल के चेयरमैन नमित जोशी ने एक मीडिया रिपोर्ट में कहा, भारत के फार्मास्यूटिकल निर्यात में सालाना आधार पर लगातार वृद्धि जारी है और निर्यात श्रेणी में ड्रग फॉरमुलेशंस और जैविक उत्पादों का वर्चस्व बना हुआ है. जोशी ने आगे कहा, हम इस वृद्धि का श्रेय बढ़ती वैश्विक मांग, सुव्यवस्थित विनियामक अनुमोदन, टेक्नोलॉजीकल इनोवेशंस, रणनीतिक साझेदारियों और आर्थिक स्थिरता को देते हैं. भारत के फार्मा निर्यात में मई में ड्रग फॉरमुलेशंस और जैविक उत्पादों की हिस्सेदारी 75.74 प्रतिशत रही है.

# 2030 तक भारत बनेगा तीसरी अर्थव्यवस्था

**हरदीप पुरी बोले - जर्मनी को पीछे छोड़ेगा भारत**

**2030 तक जर्मनी को पछाड़ने का लक्ष्य**



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत हाल ही में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और इस क्रम में 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर अर्थव्यवस्था को लेकर तीसरे पायदान पर आने की ओर अग्रसर है.**

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ग्यारहवीं से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. केंद्रीय मंत्री पुरी ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, हमारी जीडीपी दोगुनी से भी अधिक हो गई है, जो कि 2014 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई है.

केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के दौरान देश की मजबूती और साहसिक नीति सुधारों, व्यापक सामाजिक कल्याण योजनाओं और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि प्रमुख सामाजिक पहलों के तहत 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है.



# विनिर्माण पीएमआई 14 माह की ऊंचाई पर

**मजबूत निर्यात मांग से उत्पादन में तेजी**

**जून पीएमआई बढ़कर 58 .4 के स्तर पर पहुँचा**

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.एक व्यावसायिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत की विनिर्माण गतिविधि जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो अंतरराष्ट्रीय बिक्री में पर्याप्त वृद्धि से प्रेरित थी, जिसने उत्पादन को बढ़ावा दिया और रिकॉर्ड-तोड़ भर्ती को जन्म दिया.**

एस एंड पी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स मई के 57.6 से बढ़कर जून में 58.4 पर पहुंच गया, जो पिछले सप्ताह जारी प्रारंभिक अनुमान के अनुरूप है. पीएमआई का 50.0 का स्तर गतिविधि में वृद्धि और संकुचन को अलग करता है.

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, मजबूत अंतिम मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया. मजबूत मांग के समर्थन से फैक्ट्री उत्पादन पिछले साल अप्रैल के बाद से सबसे तेज गति से बढ़ा.

आने वाले नए ऑर्डर लगभग एक साल में सबसे तेज दर से बढ़े, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मांग ने महत्वपूर्ण गति प्रदान की. निर्यात ऑर्डर ने मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से तीसरी सबसे अधिक वृद्धि दर दर्ज की, जिसमें अमेरिकी बाजारों को अक्सर ताकत के स्रोत के रूप में उद्धृत किया गया.यह सकारात्मक आंकड़े अमेरिकी शुल्कों से बढ़ती अनिश्चितता के बीच आए हैं.

> मजबूत मांग ने निर्माताओं को अभूतपूर्व गति से अतिरिक्त कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए प्रेरित किया – यह सर्वेक्षण शुरू होने के दो दशक से अधिक समय में सबसे तेज गति है .जून में निर्माताओं के लिए मूल्य दबाव कम हुआ, जिसमें इनपुट लागत मुद्रास्फीति चार महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गई, हालांकि लोहा और इस्पात की कीमतों में कुछ वृद्धि हुई . ऐतिहासिक रुझानों की तुलना में यह नरमी महत्वपूर्ण थी .

# एमपी-सीजी में जियो का दबदबा

## जियो फाइबर और एयर फाइबर को मिले 54 हजार से ज्यादा यूजर



**भोपाल,02 जुलाई.टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ( ट्राई ) की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में एक बार फिर सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े हैं. यह उपलब्धि जियो को दुनिया की सबसे बड़ी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर बनने की ओर अग्रसर करती है.**

मई 2025 में रिलायंस जियो से 4.2 लाख नए मोबाइल ग्राहक जुड़े, जबकि जियो फाइबर और एफडब्ल्यूए जियो एयर फाइबर ब्रॉडबैंड को 54 हजार से अधिक ग्राहकों ने अपनाया. इसी अवधि में, एयरटेल के 8 हजार मोबाइल ग्राहक बढ़े, वहीं बीएसएनएल के 37 हजार और वोडाफोन-आइडिया के सर्वाधिक 56 हजार मोबाइल ग्राहक घटे.

ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में कुल मोबाइल ग्राहक 8.1 करोड़ से अधिक और एफडब्ल्यूए/वायरलेस ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 24.9 लाख से ज्यादा हैं. इसमें जियो के मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 13.9 लाख से कहीं अधिक हैं. मोबाइल में जियो की बाजार हिस्सेदारी 56.7 प्रतिशत और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में 56.1 प्रतिशत है.

# डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे फिसला

**मुंबई, 02 जुलाई.**स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ.विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है.अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 पर खुला. इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ. अंत में यह 85.68 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है. मंगलवार को रुपया 17 पैसे बढ़कर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था.

# भारत में ईटीएफ का शानदार उछाल

## 5 साल में एयूएम 5 गुना बढ़ा, खुदरा निवेशक 11 गुना बढ़े



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.भारत में एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स ( ईटीएफ ) ने पिछले पांच वर्षों में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है. एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इनकी कुल प्रबंधन अधीन संपत्ति पांच गुना से अधिक बढ़ गई है, जबकि खुदरा निवेशकों के फोलियो में ग्यारह गुना की वृद्धि हुई है.**

ज़ेरोधा फंड हाउस द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2020 से मार्च 2025 के बीच भारत में ईटीएफ का कुल एयूएम लगभग 5.5 गुना बढ़कर 8.38 लाख करोड़ रुपये हो गया है. यह कुल 65.74 लाख करोड़ रुपये के म्यूचुअल फंड उद्योग का लगभग 13 प्रतिशत है, जबकि 2020 में ईटीएफ की हिस्सेदारी केवल 7 प्रतिशत थी. यह देश में एक निवेश विकल्प के रूप में ईटीएफ की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है.

ईटीएफ योजनाओं में खुदरा फोलियो की संख्या में भी भारी वृद्धि देखी गई है – मार्च 2020 में 23 लाख से बढ़कर मार्च 2025 में लगभग 2.63 करोड़ हो गए हैं.

# आर .के . गुप्ता बने पावरग्रिड पश्चिम-II प्रमुख



**नागपुर, 02 जुलाई,राजेश कुमार, कार्यकारी निदेशक, पश्चिमी क्षेत्र-II के सेवानिवृत्त होने के बाद आर.के. गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक ( प्रभारी ), ने आज पावरग्रिड पश्चिमी क्षेत्र-II के क्षेत्रीय प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया है.गुप्ता 1994 से पावरग्रिड से जुड़े हुए हैं और उन्हें विद्युत क्षेत्र में व्यापक अनुभव है.**

उन्होंने संगठन में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया और लोड डिस्पैच एवं संचार,स्मार्टग्रिड, ए सी सबस्टेशन संचालन एवं अनुरक्षण, निर्माण प्रबंधन समूह, पीई एसएम, तथा प्रोजेक्ट्स जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों में काम किया है.उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व क्षमता से पावरग्रिड की परिचालन उत्कृष्टता और पश्चिमी क्षेत्र-II में विश्वसनीय विद्युत पारेषण के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत होने की उम्मीद है.

# कोयला उत्पादन ने पकड़ी रफ्तार

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.** कोयला मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों से जून 2025 में कोयला उत्पादन 15.57 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गया, जबकि कोयला प्रेषण 17.31 एमटी रहा.वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में साल-दर-साल मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है. इस अवधि में उत्पादन में 16.39त्न और प्रेषण में 13.03त्न की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अधिक है. मंत्रालय ने इस सकारात्मक प्रवृत्ति का श्रेय क्षेत्र में बढ़ी हुई परिचालन दक्षता और खनन क्षमता के बेहतर उपयोग को दिया है.

एन सी एल NCL
नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुंषगी कम्पनी)

**निविदा सूचना**

सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामाग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रक्योरमेंट किया जाता है। R-26

# सस्ती स्टील डंपिंग पर रोक

**13 जून के आदेश से गुणवत्ता और क्षमता निर्माण को बल**

**स्टील उत्पादों पर बीआईएस मानकों का अनुपालन अनिवार्य**

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई ( वार्ता ) इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को स्पष्ट किया कि इस्पात उत्पादों के संबंध में पिछला गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अगस्त 2024 में जारी किया गया था और उसके बाद कोई नया गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी नहीं किया गया है।**

मंत्रालय ने कहा है कि मध्यवर्ती उत्पाद और उत्पादकों के लिए 13 जून का आदेश घरेलू उत्पदकों के साथ समान व्यवहार , डंपिंग की रोक तथा देश में इस्पात उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लक्ष्यों के अनुरूप है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पहले 151 बीआईएस के मानकों के प्रवर्तन के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए गए हैं उसके बाद कोई नया गुणवत्ता नियंत्रण ओदश जारी नहीं किया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है, ' इस्पात मंत्रालय के गत 13 जून के आदेश से यह स्पष्ट होता है कि बीआईएस मानकों के तहत अंतिम उत्पादों के निर्माण के लिए मध्यवर्ती सामग्री, इस्पात उत्पादों को भी ऐसे मध्यवर्ती उत्पादों के लिए निर्धारित बीआईएस मानकों का पालन करना होगा। कोई नया गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी नहीं किया गया है।' मंत्रालय ने 13 जून के आदेश से देश में इस्पात की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका को खारिज किया है। आयोग का कहना है कि यह आदेश घरेलू उत्पादकों के साथ समानता के व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

> मंत्रालय ने कहा है कि तैयार इस्पात उत्पादों का आयात तैयार इस्पात उत्पादों के भारतीय निर्माताओं के बराबर नहीं था, क्योंकि भारतीय इस्पात उत्पाद निर्माताओं को केवल बीआईएस मानक के अनुरूप मध्यवर्ती सामग्री का उपयोग करना पड़ता था, जबकि आयातकों द्वारा इस्पात उत्पादों के आयात के लिए ऐसी कोई आवश्यकता महसूस नहीं की जाती थी।

# बीरेन के बिना भाजपा का गुजारा नहीं

## बीरेन सिंह के हिसाब से होगा मुख्यमंत्री का फैसला

**इंफाल. भारतीय जनता पार्टी को दो साल लग गए थे एन बीरेन सिंह को मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से हटाने में और अब साढ़े चार महीने हो गए उनके हटे हुए तब भी भाजपा वहां सरकार नहीं बना पा रही है.**

सोचें, मणिपुर में बीरेन सिंह का क्या मतलब है? पहले उनको हटाने के लिए भाजपा के सर्वशक्तिशाली नेतृत्व को राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा यानी सीधे उनके हाथ से किसी दूसरे नेता के हाथ में सत्ता ट्रांसफर नहीं किया जा सके. हालांकि तब विधानसभा निलंबित रखी गई ताकि नई सरकार बनाई जा सके.

# जून में निर्यात ने पकड़ी रफ्तार

**मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने तोड़ा 14 महीने का रिकॉर्ड**

**एचएसबीसी पीएमआई जून में 58 .4 पर पहुंचा**



**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.एक लेटेस्ट सर्वे के अनुसार, इस वर्ष जून में भारत की विनिर्माण गतिविधि 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसकी वजह अंतरराष्ट्रीय बिक्री में उछाल रहा , जिसने उत्पादन को बढ़ावा दिया और रिकॉर्ड-तोड़ भर्तियां हुई.**

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स मई के 57.6 से जून में बढ़कर 58.4 हो गया. हेडलाइन फिगर इसके लॉन्ग-टर्म एवरेज 54.1 से ऊपर था और इस क्षेत्र में पर्याप्त सुधार की ओर इशारा करता है.

सर्वे में कहा गया है, 20 से अधिक पुराने सर्वे के इतिहास में कंपनियों ने बाहरी ऑर्डर में सबसे तेज वृद्धि देखी. माल उत्पादकों ने 14 महीनों में सबसे अधिक इनपुट खरीद की, जिसने खरीद के स्टॉक में अधिक विस्तार का समर्थन किया.अप्रैल 2024 के बाद से उत्पादन की मात्रा में सबसे तेज गति से वृद्धि हुई, जो दक्षता लाभ, मांग और अधिक बिक्री मात्रा की वजह से दर्ज की गई. मध्यवर्ती सामान निर्माताओं ने तेजी का नेतृत्व किया. हालांकि, उपभोक्ता और पूंजीगत सामान सेगमेंट में धीमी गति देखी गई.

सर्वे में कहा गया है कि जून में नए निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में काफी तेजी आई है. मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से विस्तार की दर तीसरी सबसे अधिक थी.

**KASTURBA GIRLS COLLEGE, BHOPAL**
(Affiliated to BU, UGC 2(f)/12B Recognized)
**Vacancies: Assistant Professors Posts under College Code 28**
Subjects: English, Sociology, Economics, Pol. Science, Urdu, Arabic, Psychology, Home Science, Commerce, Zoology, Botany, Chemistry, Maths, CS
**Eligibility**: As per UGC norms.
**NET/SET/SLET preferred.**
Apply with resume + testimonials within 7 days to:
Add: 50, Tehsil Huzur Road, Near Moti Masjid, Bhopal (M.P.)
kasturba70college@gmail.com / Ph: 9301406956 / 7489253753 0755-2542677

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक 01/07/2025**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**क्र.:- इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/06/25-26**
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टी.आर.एस) विद्युत लोको शेड, पश्चिम मध्य रेल, न्यू यार्ड, इटारसी , भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 25.07. 2025 को 15.00 बजे तक ई-टेन्डर निम्नानुसार आमंत्रित करते है :- **ई-निविदा क्रमांक :** इटी/टीआरएस/डब्ल्यूसी/06/25-26 **कार्य का नाम लोकेशन सहित** :रिपेयर/रिकंडिशनिंग ऑफ 7775 केवीए ट्रांसफार्मर फॉर थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव। **निविदा की अनुमानित लागत रुपये :** 40,47,746.66, **बयाना राशी रुपये :** 81,000/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह, **नोट** : ई-निविदा प्रपत्र एवं ई-निविदा से संबधित पूर्ण जानकरी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर**
**विद्युत लोको शेड पश्चिम मध्य रेलवे,इटारसी**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**मं.रे.प्र (कार्यालय) भोपाल गति शक्ति शाखा दिनांक 28.06.2025**
उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक 23.07.2025 को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आंमंत्रित करते है, जो उसी दिनांक को 15:30 बजे खोली जायेगी। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं उप मुख्य अभियंता/ गति शक्ति/ पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। तथा ऐसा कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो भी वह मान्य नहीं किया जायेगा ।इस निविदा मे कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो तो वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा । जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा सूचना संख्या:** CPM-GSU-BPL-T-03-2025, **दिनांक:** 27.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के विभिन्न आर. ओ. बी./मेजर पुलो गुना और रूठियाई बाईपास लाइन तथा इटारसी में आर ओ एच शेड के निर्माण के संबंध में साइट सर्वेक्षण, भू-तकनीकी जांच, विकास, सामान्य व्यवस्था डिजाइन (जीएडी) की मंजूरी, भूमि योजना, विकास, संरचानात्मक डिजाइन और ड्राईगं की मंजूरी के लिए निविदा।, **निविदा की अनुमानित लागत रुपये :** Rs. 1,62,53,074.**85, निविदा की बयाना राशि रुपये :** 2,31,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये :** 0.00, **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :** 23.07.2025
**उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति)**
**पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे-411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:
(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-07-25): बरेली जेजे रोड GL; PCA3GOL12259719. बैतूल - श्रम कॉम्प्लेक्स; PCA4GOL11983043, 12039668, 12090270, 12235691. भोपाल-इमामी गेट रोड GL; PF46GOL11983109, 12024952, 12098574, 12180149, 12179339. भोपाल - इंद्रपुरी GL; PF49GOL11590534, 12056073, 12174282. (12-07-25): भोपाल करोड I; PJD2GOL11933140. भोपाल-मध्य प्रदेश नगर ज़ोन GL; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 12026342, 12194441. बीना - इटावा स्टेशन रोड GL; PCA6GOL11916722, 11912513, 12022252, 12065792, 12159685, 12153830, 12159103. छत्तरपुर; P568GOL12054184, 12052169, 12293001. छिंदवाड़ा लालबाग GL; PEQ1GOL12039808, 12097729, 12095351, 12176087. देवास एबी रोड GL; PGG2GOL12054694, 12117855, 12113581, 12199734, 12196745. (14-07-25): ग्वालियर डाबरा I; PKH4GOL12242856. ग्वालियर GL; PF25GOL11915375, 12077710, 12070445, 12067293, 12096097, 12090248, 12131630, 12153427, 12173468, 12231155, 12252219. ग्वालियर गोले का मंदिर I; PJD1GOL11620311, 11713577, 11812589, 11933457, 11982009, 12131340, 12168085, 12196303, 12219037. ग्वालियर मोरार I; PHF9GOL11815790, 11912000, 11933333. ग्वालियर विनय नगर GL; PEF2GOL11823395, 11816502, 11915617, 11914498, 11943502, 11958321, 12096412, 12139656, 12135869, 12179231, 12259885, 12295594. हर्दा सरदार वल्लभ भाई पटेल सर्कल GL; PCA8GOL12156118, 12157285, 12212357. (15-07-25) होशंगाबाद मीनाक्षी चौक GL; PCA9GOL11602000, 11880599, 11985713, 12074481, 12092496, 12193457. इंदौर अन्नपूर्णा रोड GL; PER2GOL11813866, 12099379. इंदौर विजय नगर GL; PGJ9GOL11970024, 12009582, 12010260. इटारसी GL; P03WGOL11821292, 11880418, 11892176, 11992467, 12149725, 12161291, 12171017, 12196627, 12216872, 12221976, 12263312. (16-07-25) गाडरवारा इंद्रा वार्ड I; PKA3GOL12097930, 12133967, 12171326, 12244354, 12244090. गंज बसौदा GL; P02WGOL12103082, 12102892, 12148848. गुना एबी रोड GL; PEH2GOL11834545, 11874195, 11877912, 11912632, 11911636, 11931170, 12049872, 12137035, 12213091. जबलपुर-दीनदयाल चौक GL; PEH4GOL12172913. खंडवा शिवाजी चौक GL; PCP1GOL11879254. खरगोन जवाहर मार्ग I; PJC9GOL11822688, 11836919, 12199449, 12198725, 12255327. (17-07-25)जबलपुर अशोका रोड GL; PG03GOL10054750, 10147396, 11930805, 11928026, 12010631, 12039448, 12076542, 12116716, 12156715, 12172977, 12259910. मुरैना-शिवनगर I; PJC8GOL11856728, 11964064, 11988683, 12071066, 12242421, 12274070. नरसिंहपुर BGL; P6Y8GOL12103200, 12178627, 12234185, 12291247. पोरसा BGL; P14PGOL11820366, 11970278, 12052130, 12175919, 12219348. (18-07-25) रीवा BGL; P4A7GOL11934463, 11987413, 12005052, 12073384, 12118023, 12192233, 12218422. सबलगढ़; P13PGOL5591433, L5744781. सतना रीवा रोड GL; PCP2GOL12079518, 12134028, 12151166, 12196371. (19-07-25) ग्वालियर सिटी सेंटर GL; PCA7GOL11134530, 11515324, 11556326, 11841640, 11929944, 12215454, 12270318. शहडोल BGL; P6E0GOL11900438, 11962134, 12113925. श्योपुर - शिवपुरी रोड; P38CGOL11916603, 12212721, 12290866. शिवपुरी - एबी रोड GL; PEH3GOL11816096, 11914213, 11932815, 11950286, 11990347, 12009578, 12010668, 12012527, 12027782, 12036417, 12053430, 12264122, 12296155.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**